-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 09.07.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **शासन द्वारा चलाये जा रहे वन महोत्सव-2025 "एक पेड़ माँ के नाम 2.0" अभियान के क्रम में पुलिस लाइन बांदा में श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा व पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा पौधरोपण कर पर्यावरण जागरुकता का दिया गया संदेश।**

विवरण- उत्तर प्रदेश शासन द्वारा चलाये जा रहे वन महोत्सव-2025 के अंतर्गत चलाए जा रहे पौधरोपण अभियान "एक पेड़ माँ के नाम 2.0 " के तहत आज दिनांक 09.07.2025 को पुलिस लाइन बांदा में श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस0 व पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल द्वारा पौधरोपण कर पर्यावरण के प्रति जागरुकता का संदेश दिया गया। अभियान के तहत पुलिस लाइन सहित सभी थानों एवं कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा अभियान में 16 हजार 500 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस दौरान पुलिस विभाग के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया गया तथा विभिन्न प्रकार के फलदार व छायादार आदि पेड़ के पौधे लगाये गये। इस अभियान का उद्देश्य जनमानस में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना, भावनात्मक जुड़ाव के माध्यम से पौधरोपण को प्रोत्साहित करना तथा आगामी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और हरा-भरा वातावरण सुनिश्चित करना है। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज, प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी श्री पियूष पाण्डेय, प्रतिसार निरीक्षक बांदा श्री वेदमणि मिश्र सहित समस्त पुलिसकर्मी व रिक्रूट आरक्षियों ने पौधरोपण किया।